नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

# हिंदी विश्वविद्यालय में डॉ. अंबेडकर जयंती पर समता मार्च

**शिक्षक संघ का आयोजन, अध्यापक, अधिकारी, कर्मी, विद्यार्थी हुए शामिल**

वर्धा, 14 अप्रैल 2018 : भारतरत्न बाबासाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 127वीं जयंती पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ की ओर से समता मार्च का आयोजन 14 अप्रैल को सुबह 6.30 बजे किया गया। विश्वविद्यालय से नागार्जुन अतिथि गृह से




इस मार्च को प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने रवाना किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार, प्रो. के. के. सिंह, प्रो. शंभू गुप्त, महासचिव डॉ. अमित राय, डॉ. अमरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. शैलेश कदम, परिमल प्रियदर्शी, डॉ. हिमांशु शेखर, डॉ. रामानुज अस्थाना,डॉ. शिव सिंह बघेल, डॉ. सुरजीत कुमार सिंह, डॉ. संदीप वर्मा, सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र घोडमारे, सहायक प्रोफेसर डॉ. अवंतिका शुक्ला, डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, राजेश अरोड़ा, कमल शर्मा, डॉ. मुन्नालाल गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे सहित शिक्षक संघ के

पदाधिकारी, सदस्य तथा शोधार्थी एवं विद्यार्थी बडी संख्या में उपस्थित थे। प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, प्रो. के. के. सिंह, प्रो. मनोज कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये।

समता मार्च में पुरुष वर्ग का प्रथम पुरस्कार रविंद्र शेंडे को, द्वितीय पुरस्कार रोशन वानखेडे को तथा तीसरा पुरस्कार राजू गुरनुले को प्रदान किया गया। महिला वर्ग का प्रथम पुरस्कार अंकिता शर्मा को, द्वितीय पुरस्कार खुशबू को तथा तीसरा पुरस्कार डॉ. चित्रा माली को




दिया गया। किशोर वर्ग में प्रथम पुरस्कार अभिषेक यादव को, द्वितीय पुरस्कार अवनीश सिंह को तथा तीसरा पुरस्कार अमन सिद्दीकी को प्रदान किया गया। 10 वर्ष आयु से कम वाले वर्ग में प्रथम पुरस्कार सुनीत कुमार को, द्वितीय पुरस्कार अनुभव अमरेंद्र शर्मा को तथा तृतीय पुरस्कार काश्वी राय को दिया गया। अथर्व और नंदिनी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार की राशि बैंक ऑफ इंडिया ने प्रायोजित की थी। यह मार्च गांधी हिल्स, सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास होते हुए नागार्जुन सराय पर समाप्त हुआ।